दिनांक–19.08.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- रक्षाबंधन पर्व आज राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने देषवासियों को दी षुभकामनाए।
- झाबुआ जिले में स्व–सहायता समूह महिलाओं को बना रहा है आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर।
- देष में मंकीपॉक्स का कोई मामला नहीं, केन्द्र सरकार ने समीक्षा बैठक में राज्यों को सतर्क रहने के दिए निर्देष।
- सावन माह के अंतिम सोमवार आज षिव मंदिरों में सुबह से भक्तों का आना जारी। उज्जैन में भगवान महाकालेष्वर की निकलेगी षाही सवारी।

रक्षा बंधन पर्व

भाई–बहनों के बीच विशेष प्रेम का प्रतीक रक्षा बंधन का त्योहार आज पूरे देश में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बहन अपने भाइयों की कलाई पर रंग–बिरंगी राखी बांधकर उनकी समृद्धि तथा स्वास्थ्य की कामना करती हैं। भाई भी बहनों को उपहार प्रदान करते हुए उनकी रक्षा और हर स्थिति में साथ देने का वचन देते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य केन्द्रीय मंत्रियों ने रक्षाबंधन के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि यह त्योहार भाइयों और बहनों के बीच अनूठे बंधन का उत्सव है जो प्यार और आपसी विश्वास की भावनाओं को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के संकल्प को मजबूत करता है।

इस बीच जम्मू–कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा आज सम्पन्न हो गई। इस वर्ष देश के विभिन्न हिस्सों से पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए।

रक्षा बंधन–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रक्षाबंधन पर्व पर बहनों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन बहनों का सबसे बड़ा त्यौहार है। यह भाई–बहन के आपसी प्रेम, विश्वास, श्रद्धा, आस्था, समर्पण और सद्भाव का उत्सव है। यह त्यौहार भाई–बहन के शास्वत स्नेह के साथ पूरे समाज के सशक्तिकरण और कुटुम्ब समन्वय का अनूठा पर्व भी है। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ल ने भी रक्षाबंधन पर प्रदेश वासियों को शुभाकामनाएं दी है।

प्रदेश में इस पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। खंडवा में डाक विभाग ने रक्षाबंधन को देखते हुए आकर्षक गिफ्ट स्पेशल बॉक्स सेवा शुरू कर दी है। साथ ही रक्षाबंधन की विशेष डाक का स्पेशल बैग तैयार किया गया है, जिसकी मदद से सुरक्षित व समय रहते राखी मिल सकेगी। डिंडोरी जिला मुख्यालय में रक्षा बंधन के पूर्व कल साप्ताहिक बाजार में जमकर खरीदारी की गई, दिन भर झमाझम बारिश के बावजूद बाजार में खासी भीड़ रही रक्षाबंधन और कजलियां पर्व को लेकर महिलाओं ने तैयारियां की। धार जिले में आज भाई बहनों के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। रक्षाबंधन को लेकर पिछले एक सप्ताह से बाजार गुलजार है। भद्रा होने के कारण राखी बांधने का शुभ मुहूर्त 1:30 के बाद का बताया जा रहा है। वही धार जिला जेल में बंदी भाईयों को उनकी बहनों से राखी बंधवाने हेतु जेल मुख्यालय द्वारा विशेष अनुमति प्रदान की गई है। इंदौर भोपाल ग्वालियर जबलपुर सहित कई अन्य शहरों में भी रक्षाबंधन पारंपरिक तौर मनाया जा रहा है।

अच्छी खबर–झाबुआ

स्व–सहायता समूहों की मजबूत बुनियाद पर झाबुआ की महिलाऐं आत्मनिर्भरता बन रही है। पेटलावद जनपद पंचायत के महुड़ीपाड़ा गाँव में रहने वाली दितुड़ी बाई परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने से पति के साथ पलायन कर मजदूरी करने के लिए मजबूर थी, लेकिनस्व–सहायता समूह बनाकर अब वह कंगन स्टोर से अच्छी कमाई कर रही हैं।

केंद्र–एमपॉक्स समीक्षा

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ पी.के. मिश्रा की अध्यक्षता में कल एक बैठक हुई जिसमें देश में मंकीपॉक्स से निपटने की तैयारियों तथा जन स्वास्थ्य उपायों की स्थिति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर श्री मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंकीपॉक्स की स्थिति की लगातार निगरानी कर रहे हैं।

प्रधान सचिव ने राज्यों से इस बीमारी का तत्काल पता लगाने के प्रभावी उपाय करने और इसकी निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए। देश में फिलहाल मंकीपॉक्स का कोई मामला सामने नहीं आया है और इसके व्यापक स्तर पर फैलने का जोखिम भी कम है। मंकीपॉक्स का संक्रमण आमतौर पर दो से चार सप्ताह तक रहता है। सामान्य देखभाल और उपचार से मरीज स्वस्थ हो जाता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन–डब्ल्यूएचओ ने अफ्रीका के कई हिस्सों में बड़े पैमाने पर मंकीपॉक्स के संक्रमण को देखते हुए 14 अगस्त को इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्वास्थ्य आपदा घोषित किया था।

मुख्यमंत्री–नारायणधाम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल महिदपुर तहसील में भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता के साक्षी रहे प्राचीन नारायणाधाम मन्दिर पहुंचकर दर्शन और पूजन–अर्चन किया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता पूरे विश्व में सबसे बड़ी मिसाल है। नारायणा में स्थित भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा के मन्दिर और आसपास के परिसर को इस प्रकार विकसित किया जाये कि पूरे विश्व से लोग यहां दर्शन के लिये आयें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी तीज–त्यौहार अत्यन्त धूमधाम से मनाये जायेंगे। हमारे देवस्थान हमारी मूल शक्ति का स्त्रोत रहे हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने उज्जैन में आकर विद्या प्राप्त की। प्रदेश में जहां–जहां उनके चरण पड़े, वहां के प्रमुख स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जायेगा।

महाकालेष्वर शाही सवारी–उज्जैन

सावन माह के अंतिम सोमवार आज उज्जैन में श्री महाकालेश्वर भगवान को भस्मार्ती में जनेऊ, सवा लाख लड्डूओ का भोग लगाया गया और रक्षाबंधन के पावन पर्व पर राखी बांधी गई। आज दोपहर बाद भगवान महाकालेश्वर की सवारी पूरे धूमधाम से निकलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी सवारी में शामिल होंगे। इस वर्ष सावन के माह में अब तक निकली भगवान महाकालेश्वर की सवारी का आकर्षण कुछ अलग ही रहा है। हर सवारी अपने आप में अनूठी रही है। आज की सवारी में सीआरपीएफ और आर्मी का बैण्ड शामिल होगा। इसी दिन प्रमुख हिन्दू त्योहार रक्षाबंधन भी है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय भी सोमवार को भगवान महाकालेश्वर के दर्शन करने आ रहे हैं। सवारी में भगवान महाकाल के सुगम दर्शन के लिये पहली बार चलित रथ भी निकले, जिन पर लगी बड़ी स्क्रीन से श्रद्धालुओं ने दर्शन किये। उधर खंडवा जिले में शिवालयों में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जा रहा है। तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में भगवान ओंकारेश्वर एवं भगवान ममलेश्वर की सवारी निकाली जाएगी। श्रावण माह में यह सवारी ओंकारेश्वर मंदिर से होकर कोटीतीर्थ घाट पहुंचेगी, जहां भगवान ओंकारेश्वर की रजत प्रतिमा का दुग्ध एवं पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। आज के दिन नगर भ्रमण के रुट में आंशिक परिवर्तन किया गया है। भगवान ओंकारेश्वर की सवारी का नगर भ्रमण नहीं होगा। केवल नौका विहार के दौरान पुनः मंदिर के लिए लौट जाएगी।

शंकर व्याख्यानमाला

भारत भावन भोपाल में आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय एकात्म पर्व का कल को समापन हुआ। दो दिवसीय एकात्म पर्व के पहले दिन प्रख्यात वेदांती, पद्म भूषण श्री एम ने न्यास के प्रकल्प 'शंकर व्याख्यानमाला' के 70वें संस्करण को संबोधित करते हुए 'शक्ति और अद्वैत वेदांत' विषय पर विचार रखे। वहीं दूसरे दिन समापन अवसर पर न्यास द्वारा एकात्म संवाद आयोजन किया गया। जिसमें पद्म भूषण श्री एम ने विख्यात टेलीविजन अभिनेता व वेदांत साधक नितीश भारद्वाज के संयोजन में वेदांत की जिज्ञासाओं पर रोचक संवाद किया।

नामांकन–आज अवकाश

प्रदेश में राज्यसभा निर्वाचन के लिए 21 अगस्त तक नाम निर्देशन पत्र भरें जा रहे हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आज 19 अगस्त को रक्षाबंधन पर निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के तहत अवकाश रहेगा, इसलिए इस दिन नाम निर्देशन पत्र नहीं भरें जाएंगे।

श्री राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्यसभा निर्वाचन को लेकर अधिसूचना 7 अगस्त को जारी कर दी गई है। प्रदेश में राज्यसभा निर्वाचन के लिए 14 अगस्त से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई हो चुकी है, जो 21 अगस्त तक चलेगी। श्री राजन ने बताया कि 22 अगस्त को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। 3 सितंबर को सुबह 9 से शाम 4 बजे तक मतदान होगा और इसी दिन मतगणना एवं परिणाम की घोषणा की जाएगी।

नरेला महोत्सव

भोपाल के नरेला विधानसभा में 23 अगस्त से देश के सबसे बड़े रक्षाबंधन महोत्सव की शुरूआत होने जा रही है। इस वर्ष भी सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग को लाखों की संख्या में नरेला विधानसभा की महिलाएं रक्षासूत्र बांधेंगी। इसके लिये नरेला विधानसभा के समस्त 17 वार्डों में भव्य आयोजन किये जा रहे हैं। मंत्री श्री सारंग एकतापुरी दशहरा मैदान से रक्षाबंधन महोत्सव का भव्य शुभारंभ करेंगे। पिछले वर्ष आयोजित हुए रक्षाबंधन महोत्सव में रिकॉर्ड 1 लाख 41 हजार 324 बहनों ने मंत्री श्री सारंग को रक्षासूत्र बांधे थे। यह महोत्सव का 16 वां वर्ष है।

बारिष/मौसम

बंगाल की खाड़ी में बने एक और सिस्टम से प्रदेश में आज से तेज बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है। मौसम विभाग ने सिंगरौली, पन्ना, कटनी और अनूपपुर में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस बीच प्रदेष में नर्मदापुरम और जबलपुर संभाग के कुछ स्थानों और षहडोल संभाग के अधिकांष स्थानों पर बारिष दर्ज की गई।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज उज्जैन में संचालनालय धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग का शुभारम्भ करेंगे। मुख्यमंत्री खाचरोद में निजानंद पीठ आश्रम के कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे।
- गुना में जिला स्तरीय रोजगार मेला 23 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। जिसमें बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन सुबह 11 बजे जिला पंचायत विश्राम गृह गुना में आयोजित किया जाएगा।
- इंदौर के बाणगंगा थाना क्षेत्र के भवरासला में पिछले दिनों अतिक्रमण एवं अवैध कब्जा हटाने गये जिला प्रशासन के दल पर हमला करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह ने कड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने इस घटना के चारों आरोपियों को रासुका के तहत निरूद्ध करने के आदेश जारी कर दिए हैं।
- डिंडोरी में प्रत्येक रविवार "मैया अभियान" स्वच्छता कार्यक्रम के तहत मां नर्मदा के घाटों की सफाई की गई। तट पर फैले कचरे को उठाया गया।

.................................